दैनिक जागरण 04.12.24

दवा सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

संवाद सूत्र, जागरण • बिहटा: अम्हरा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कालेज और अस्पताल में फार्माकोलाजी विभाग द्वारा दवा सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रबंध निदेशक कृष्ण मुरारी सिंह ने करते हुए कहा कि दवा सुरक्षा न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाती है, बल्कि यह मरीजों के प्रति हमारी जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभाने का माध्यम है। इसके माध्यम से चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को दवा त्रुटियों को रोकने की दिशा में नई दिशा मिलेगी। प्रधानाचार्य प्रोफेसर डा. अशोक शरण ने कहा कि दवा त्रुटियां चिकित्सा क्षेत्र की एक गंभीर चुनौती है। इस मौके पर उन्होंने दवा सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में ठोस कदम

बिहटा मेडिकल कालेज मे दवा सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन • जागरण

ने इसे चिकित्सा क्षेत्र में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस मौके पर प्रोफेसर हरिहर दीक्षित, प्रोफेस बिकास मेधी, प्रोफेसर डा. हितेश मिश्रा, डा. सुकलयन साहा राय, डा. प्रमोद कुमार मांझी, प्रोफेसर केशव कुमार सिन्हा, प्रोफेसर केके लोहानी, प्रोफेसर फरीद आलम अंसारी, प्रोफेसर अमितेश कुमार समेत अन्य ने कार्यशाला का उद्देश्य, दवा त्रुटियों का कारण, उनके मरीजों और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले प्रभावों को रोकने के लिए रणनीतियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दवा सुरक्षा पर कार्यशाला का सफल आयोजन

बिहटा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एनएसएमसीएच) में 3 दिसंबर 2024 को "दवा त्रुटियों को कम करने: सुधार की रणनीतियाँ" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य दवा त्रुटियों के कारणों, उनके मरीजों पर प्रभाव, और रोकथाम की रणनीतियों पर चर्चा करना था।

कार्यशाला का उदघाटन प्रबंध निदेशक श्री कृष्ण मुरारी ने किया, जिन्होंने दवा सुरक्षा की अहमियत पर बल दिया। प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अशोक शरण ने इसे चिकित्सा क्षेत्र की एक गंभीर चुनौती बताया और उम्मीद जताई कि यह कार्यशाला नई दिशा प्रदान करेगी।

देशभर से आए विशेषज्ञों ने कार्यशाला में भाग लिया, जिनमें प्रोफेसर (डॉ.) हरिहर दीक्षित, प्रोफेसर (डॉ.) बिकाश मेधी, और प्रोफेसर (डॉ.) हितेश मिश्रा जैसे प्रमुख नाम शामिल थे।

कार्यशाला का आयोजन प्रोफेसर (डॉ.) हरिहर दीक्षित की अध्यक्षता में किया गया, और इसमें चिकित्सकों को 4 क्रेडिट घंटे प्राप्त हुए। यह कार्यशाला दवा सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करती है और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दवा सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया

भोर वैभव । रईस अहमद

बिहटा – बिहटा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एनएसएमसीएच) के फामाकीलॉजी विभाग द्वारा "दवा त्रुटियों को कम करने सुधार की रणनीतियाँ" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य दवा त्रुटियों के कारणों, उनके मरीजों और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले प्रभावों को समझना और इन्हें रोकने के लिए रणनीतियों पर चर्चा करना था। कार्यशाला का उद्घाटन प्रबंध निदेशक (एमडी) श्री कृष्ण मुरारी द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा,"दवा सुरक्षा न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाती है, बल्कि मरीजों के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी बेहतर ढंग से निभाने का माध्यम है। इस कार्यशाला से चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को दवा त्रुटियों को रोकने की दिशा में नई दिशा मिलेगी।